# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (27 August)



- हाल ही में तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्राँस के बियारेत्ज़ में **G-7 देशों** के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। G-7 सात विकसित देशों का समूह है जिसमें ब्रिटेन, कनाडा, फ्राँस, जर्मनी, इटली, जापान और अमेरिका शामिल हैं। भारत G-7 का सदस्य नहीं है, लेकिन नरेंद्र मोदी इस सम्मेलन में **विशिष्ट अतिथि** के रूप में शामिल हुए। उन्हें इस सम्मेलन के लिये फ्राँस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया था। इस सम्मेलन में नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण, जलवायु, महासागर और डिजिटल क्रांति से संबंधित सत्रों को संबोधित किया। सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अलग से कई देशों नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ताएं कीं तथा संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस से भी मुलाकात की। इससे पहले नरेंद्र मोदी बहरीन और **UAE** भी गए। UAE में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन ज़ायद ने भारतीय प्रधानमंत्री को वहाँ के सर्वोच्च नागरिक सम्मान **ऑर्डर ऑफ ज़ायेद** से नवाज़ा। UAE का यह सर्वोच्च नागरिक सम्मान संयुक्त अरब अमीरात के पहले राष्ट्रपति शेख ज़ायेद बिन सुल्तान अल नाह्यान के नाम पर दिया जाता है। विदित हो कि UAE की राजधानी अबू धाबी में हिंदी भाषा को अदालतों में इस्तेमाल होने वाली तीसरी आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया गया है। प्रधानमंत्री की **बहरीन** यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कुछ समझौतों पर सहमति जताई गई। इन समझौतों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, सौर ऊर्जा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान प्रमुख हैं। बहरीन की राजधानी मनामा में क्राउन प्रिंस सलमान बिन हमाद बिन इसा अल खलीफा ने नरेंद्र मोदी को **द किंग हमाद ऑर्डर ऑफ द रेनेसां** से सम्मानित किया। इसके अलावा बहरीन में भारतीय प्रवासियों को कम खर्च पर बिना परेशानी के पैसे का लेनदेन करने के लिये इस खाड़ी देश के साथ एक समझौता किया है। इसके तहत बहरीन में जल्द ही **रुपे कार्ड** चल सकेगा। गौरतलब है कि बहरीन की यात्रा पर जाने वाले नरेंद्र मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं।
- अर्थव्यवस्था में मंदी की आहट के बीच उद्योग जगत की चिंता को दूर करने के लिये केंद्र सरकार ने अब यह तय किया है कि **कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व** (CSR) के उल्लंघन पर आपराधिक मुकदमा न होकर दीवानी मामला दर्ज होगा। कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय कंपनी कानून के तहत CSR की इससे संबंधित धारा की समीक्षा कर रहा है। विदित हो कि उद्योग जगत संशोधित कंपनी कानून, 2013 में CSR के उल्लंघन पर दंडात्मक प्रावधानों को लेकर चिंता जता चुका है। सरकार की ओर से अपने पुराने आदेश में बदलाव करते हुए कंपनियों को अपनी CSR प्रतिबद्धताओं के तहत मौजूदा परियोजनाओं को पूरा करने के लिये और समय दिया गया है। गौरतलब है कि इस कानून के तहत जो कंपनियाँ मुनाफा कमाती हैं उन्हें अपने तीन साल के औसत शुद्ध लाभ का कम-से -कम 2% CSR गतिविधियों पर खर्च करना होता है। इसके अलावा सरकार ने स्टार्टअप से **एंजेल टैक्स** (Angle Tax) हटाने का एलान किया है तथा स्टार्टअप की टैक्स संबधित शिकायतों को दूर करने के लिये स्पेशल सेल बनाने के लिये कहा है, CBDT चेयरमैन जिसके प्रमुख होंगे।
- **सेनाध्यक्षों की समिति के अध्यक्ष** और वायुसेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल बीरेन्दर सिंह धनोवा 26 से 28 अगस्त तक तक थाईलैंड की यात्रा पर रहे। वह बैंकाक में भारत प्रशांत रक्षा प्रमुखों के सम्मेलन में शामिल हुए। इस सम्मेलन की थीम **स्वतंत्र और खुला भारत-प्रशांत सहयोग** है। सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के सामने मौजूद साझा चुनौतियों के बारे में योजना तैयार की गई और इस पर खुली चर्चा हुई। इस सम्मेलन में 33 से अधिक देशों के रक्षा प्रमुखों ने

हिस्सा लिया। विदित हो कि भारत और थाईलैंड के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोगों को राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक स्तरों पर संबंधों में संपूर्ण सुधार के साथ भारत की **लुक/एक्ट ईस्ट पॉलिसी** से गति मिली है। दोनों देशों के बीच मई 2003 में शुरू हुए सुरक्षा सहयोग पर संयुक्त कार्य दल ने सहयोग मजबूत बनाने के लिये सात प्रमुख क्षेत्रों में से एक के रूप में **सैन्य सहयोग** पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया। जनवरी, 2012 में थाईलैंड के प्रधानमंत्री की भारत की सरकारी यात्रा के दौरान इसे फिर से बढ़ाया गया था। भारत और थाईलैंड ने कूटनीतिक संबंध स्थापित करने की 70वीं वर्षगांठ 2017 में मनाई।

- भारतीय तीरंदाज **कोमालिका बारी** ने स्पेन के मेड्रिड में आयोजित हुई **विश्व युवा तीरंदाज़ी चैंपियनशिप** के **रिकर्व कैडेट वर्ग** के फाइनल में उच्च रैंकिंग वाली जापान की सोनोदा वाका को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। जमशेदपुर की टाटा तीरंदाजी अकादमी की 17 वर्षीय कोमालिका **अंडर-18 वर्ग** में विश्व चैंपियन बनने वाली भारत की दूसरी तीरंदाज़ बन गई हैं। उनसे पहले **दीपिका कुमारी** ने वर्ष 2009 में यह खिताब जीता था। दीपिका ने अमेरिका के ऑग्डेन शहर में आयोजित कैडेट वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में यह उपलब्धि हासिल की थी। ज्ञातव्य है कि **विश्व तीरंदाज़ी (World Archery)** ने उसके दिशा-निर्देशों की अवहेलना करने के आरोप में इस प्रतियोगिता के बाद भारत को निलंबित करने का फैसला किया है। यह निलंबन हटने तक अब कोई भी भारतीय तीरंदाज़ देश का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाएगा।

---